<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में सस्य विज्ञान विभाग द्वारा 21–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 29 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग द्वारा 'माडलिंग मिलेट्स एग्रोनोमी फार क्वालिटी फूड न्यूट्रीशन' विषयक पर 21–दिवसीय प्रशिक्षण 1 से 22 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम इण्डियन कॉउसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कृषि शिक्षा प्रभाग के क्षमता निर्माण के अंतर्गत वित्त पोषित है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 8 विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा से प्रतिभागी उपस्थित होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 1 फरवरी 2024 को कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस.के. कश्यप द्वारा किया जाएगा, तदोपरात 22 फरवरी 2024 तक विश्वविद्यालय तथा देशभर से आमंत्रित प्रशिक्षण के विषय संबधित विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और व्यावहारिक सत्र आयोजित किये जायेगे। इस 21–दिवसीय प्रशिक्षण का समापन 22 फरवरी 2024 को आयोजित किया जायेगा।

निदेशक संचार